अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2020
## (बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** अधिगम, धारण, पुनःस्मरण तथा पहचान प्रक्रियाएँ आती हैं— **(1)**

(A) स्मृति के अन्तर्गत (B) तर्क के अन्तर्गत

(C) कल्पना के अन्तर्गत (D) प्रेरक के अन्तर्गत

**2.** वे प्रेरक जिन्हें व्यक्ति अपने प्रयासों से प्राप्त करता है, कहलाते हैं— **(1)**

(A) स्मृति (B) अर्जित प्रेरक

(C) तत्परता (D) अधिगम

**3.** कोहलर का वह सिद्धान्त जिसके अन्तर्गत व्यक्ति सम्पूर्ण परिस्थिति के प्रत्यक्षीकरण के आधार पर सीखता है— **(1)**

(A) भूल व सुधार का सिद्धान्त (B) सूझ का सिद्धान्त

(C) अनुकरण का सिद्धान्त (D) इनमें से कोई नहीं

**4.** जब बालक सीखने को तत्पर होता है, तब वह चीजों को जल्दी सीखता है। यह किस मनोवैज्ञानिक के सीखने के नियम के अन्तर्गत आता है— **(1)**

(A) वुडवर्थ (B) मरे एवं मॉर्गन

(C) स्टैनले हॉल (D) थार्नडाइक

**5.** अधिगम वक्र दर्शाती है— **(1)**

(A) केवल सीखने की मात्रा को (B) शिक्षण करने की दिशा को

(C) सीखने की मात्रा तथा समय के सम्बन्ध को (D) इनमें से कोई नहीं

**6.** वह प्राप्तांक जो किसी प्रदत्त/समूह को दो बराबर भागों में बाँटता है, कहलाता है— **(1)**

(A) माध्य (B) बहुलक

(C) माध्यिका (D) समान्तर माध्य

**7.** एक ऐसा उत्पादक चिन्तन, जिसमें किसी समस्या के समाधान के लिए गत अनुभवों को नए ढंग से संगठित किया जाता है, कहलाता है— **(1)**

(A) तर्क (B) कल्पना

(C) स्मृति (D) चिन्तन

**8.** किस मनोवैज्ञानिक ने व्यक्तित्व के मापन के लिए 16 P.F. परीक्षण प्रस्तुत किया? **(1)**

(A) कार्ल युंग (B) जूलियन रोटर

(C) गॉर्डन ऑलपोर्ट (D) रेमण्ड कैटेल

**9.** प्रक्षेपी परीक्षण निम्न में से किसके बारे में जानकारी प्रदान करता है? **(1)**

(A) रोजगार अभिक्षमता (B) पारिवारिक परिस्थितियाँ

(C) बुद्धि-लब्धि (D) अचेतन क्रियाएँ

**10.** व्यक्तित्व परीक्षण के रोर्शाक स्याही-धब्बा परीक्षण में प्रयुक्त होने वाले कार्डों की संख्या है— **(1)**

(A) 10 (B) 15

(C) 20 (D) 25

**11.** सिगमण्ड फ्रायड द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त कहा जाता है— **(1)**

(A) सीखने का सिद्धान्त (B) मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त

(C) सामाजिक संरचना का सिद्धान्त (D) गत्यात्मकता का सिद्धान्त

**12.** परियोजना विधि किसके द्वारा प्रतिपादित की गई— **(1)**

(A) जॉन ड्यूई (B) गाँधी

(C) कार्ल युंग (D) किलपैट्रिक

**13.** एकल बुद्धि सिद्धान्त किस मनोवैज्ञानिक द्वारा प्रतिपादित किया गया है— **(1)**

(A) बिने (B) थार्नडाइक

(C) फ्रीमैन (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**14.** ज्ञान को ग्रहण करने एवं अनुप्रयोग करने की क्षमता कहलाती है— **(1)**

(A) व्यक्तित्व (B) बुद्धि

(C) अभिक्षमता (D) अभिवृत्ति

**15.** वह परीक्षण जो अभिरुचि का मापन करता है— **(1)**

(A) भाटिया बैटरी परीक्षण (B) स्टैनफोर्ड-बिने परीक्षण

(C) कुडर प्राथमिकता प्रपत्र (D) टी.ए.टी.

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** ब्रिजेज ने किसके अन्तर्गत विकासात्मक सिद्धान्त का प्रतिपादन किया? **(1)**

**17.** भाषा विकास की प्रारम्भिक अवस्था बताइए। **(1)**

**18.** जीन पियाजे द्वारा विभाजित उन दो उप-क्रियाओं को बताइए, जो बालक के संज्ञानात्मक विकास के अन्तर्गत आती हैं। **(1)**

**19.** गिलफोर्ड ने किन तीन विभागों में मानसिक योग्यता को विभाजित किया है? **(1)**

**20.** युंग ने सामाजिक अन्तर्क्रिया के आधार पर व्यक्तित्व को किन-किन भागों में वर्गीकृत किया है? **(1)**

**21.** तर्क के अन्तर्गत होने वाली प्रक्रिया को लिखिए। **(1)**

**22.** अनुकरण किसे कहते हैं? **(1)**

**23.** बालक में पाए जाने वाले जन्मजात अभिप्रेरक कौन-कौन से होते हैं? **(1)**

**24.** स्मृति के अन्तर्गत होने वाली समस्त प्रक्रियाओं के नाम बताइए। **(1)**

**25.** बहुलक किसे कहते हैं? **(1)**

**26.** अर्जित प्रेरक किसे कहते हैं? **(1)**

**27.** बुद्धि-लब्धि मापन का सूत्र बताइए। **(1)**

**28.** बाल विकास की कौन-कौन सी अवस्थाएँ हैं? **(1)**

**29.** अधिगम को प्रभावित करने वाले कारक बताइए। **(1)**

**30.** अभिप्रेरणा की विधियाँ बताइए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** बाल विकास से आप क्या समझते हैं? बाल विकास के क्षेत्र बताइए। **(2)**

**32.** अधिगम का अर्थ बताइए। अधिगम की प्रभावशाली विधियों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**33.** कक्षा में बच्चों को सीखने-सिखाने के सन्दर्भ में थार्नडाइक के सीखने के नियम के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**34.** पावलॉव के सम्बद्ध प्रतिक्रिया सिद्धान्त को समझाइए। **(2)**

**35.** विस्मरण का क्या अर्थ है तथा इसके कार्यों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**36.** सीखने के वक्र को रेखांकित कीजिए तथा इसके शैक्षिक महत्त्व पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**37.** बच्चों में सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न करने की विधियाँ लिखिए। **(2)**

**38.** अधिगम स्थानान्तरण कितने प्रकार का होता है? इसके शैक्षिक महत्त्व पर चर्चा कीजिए। **(2)**

**39.** व्यक्तित्व को परिभाषित करें एवं व्यक्तित्व के वर्गीकरण को लिखिए। **(2)**

**40.** सांख्यिकी का अर्थ एवं महत्त्व बताइए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/2020

2. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

3. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN